मूल्य 1 रु.
वर्षः 13 - अंक : 311, मुंबई, मंगलवार, 6 फरवरी, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल ®
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त
अब हर सच होगा उजागर




# जरांगे ने 10 फरवरी से भूख हड़ताल शुरू करने की दी धमकी

**कुनबी, एक कृषि समुदाय है जो ओबीसी श्रेणी के तहत आता है। जरांगे ने मांग की है कि कुनबी जाति प्रमाणपत्र महाराष्ट्र में सभी मराठों को जारी किया जाए**



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मराठा समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत आरक्षण के लिए आंदोलन का नेतृत्व कर रहे मनोज जरांगे ने सोमवार को धमकी दी कि यदि सरकार पिछले महीने जारी मसौदा अधिसूचना में उल्लेखित रक्त संबंध के दायरे को बताने में नाकाम रहती है तो वह 10 फरवरी से भूख हड़ताल शुरू करेंगे। सरकार ने कहा था कि किसी मराठा व्यक्ति से रक्त संबंध रखने वाले के पास यदि यह दर्शाने के लिए रिकॉर्ड होगा कि वह कुनबी समुदाय से है, तो उसे भी कुनबी के रूप में मान्यता दी जाएगी।



## महाराष्ट्रः सरकारी ठेकेदारों के ठिकानों पर
# आईटी का छापा
## 8 करोड़ कैश, 3 करोड़ का सोना जब्त

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नासिक में आयकर विभाग (इनकम टैक्स) ने कई सरकारी ठेकेदारों पर छापा मारा है और उनके पास से करोड़ों रुपये की बेहिसाब संपत्ति जब्त की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह छापेमारी पिछले चार दिनों से चल रही है। करीब 200 अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम छापेमारी की कार्रवाई में शामिल है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

**कथित तौर पर आयकर अधिकारियों को देखकर कुछ ने अपनी नकदी को अपनी कारों में और झाड़ियों में छिपा दिया था, जबकि एक अन्य ने अपनी बेहिसाब संपत्ति को अधिकारियों से छिपाने के मकसद से लेनदेन के दस्तावेजों और पेन ड्राइव को छतों और पंखों में छिपाया था**

# पूनम पांडे की बढ़ी मुश्किलें



## मौत की झूठी खबर फैलाने के लिए मुंबई पुलिस लेगी एक्शन?

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** अपनी मौत का नाटक करने को लेकर अभिनेत्री और मॉडल पूनम पांडे की कड़ी आलोचना हो रही है। इस बीच, मुंबई पुलिस को तीन अलग-अलग लिखित शिकायतें मिली हैं, जिसमें पूनम के खिलाफ केस दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। उधर, पूनम पांडे ने दावा किया कि सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए उन्होंने अपनी मौत का नाटक किया। पूनम पांडे द्वारा अपनी मौत का नाटक किए जाने का खुलासा करने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स के अलावा कई सेलिब्रिटीज ने भी उनकी आलोचना की है। लोग पूनम की पीआर टीम को भी कोस रहे है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# ढाई महीने बाद इस्तीफे का खुलासा क्यों?

## छगन भुजबल ने खोला राज



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मराठा आरक्षण अध्यादेश पर आपत्ति जताने के बाद शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ ने राज्य के खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल की आलोचना की। संजय गायकवाड़ ने बयान दिया कि मुख्यमंत्री को भुजबल को कैबिनेट से बाहर कर देना चाहिए। संजय गायकवाड़ के बयान का जवाब देते हुए भुजबल ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि उन्होंने 16 नवंबर को ही इस्तीफा दे दिया था।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

### 'इस्तीफा मंजूर होने तक मुझे काम करना होगा'

उन्होंने कहा, जब तक इस्तीफा मंजूर नहीं हो जाता, मुझे काम करना होगा। फाइल पर हस्ताक्षर भी करने होंगे। मुझे सरकारी लाभ क्या मिल रहा है? मैं अपनी कार में चल रहा हूं। मेरे कार्यकर्ताओं के खर्च पर बैठकें हो रही हैं। मुझे क्या लाभ हैं? कौन सा विभाग किस मंत्री के पास है इसका फैसला मुख्यमंत्री करते हैं। किसे हटाना है यह भी मुख्यमंत्री तय करते हैं। इस तरह वे राज्यपाल को सूचित करते हैं।

दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### दिल्ली में दो सरकारों की लड़ाई

**दिल्ली** में सरकार की अनोखी व्यवस्था है। राजधानी दिल्ली में दो सरकारें हैं। एक दिल्ली के लोगों की चुनी हुई सरकार, जो विधानसभा के प्रति जिम्मेदार है और जिसके मुखिया अरविंद केजरीवाल हैं तो दूसरी केंद्र की सरकार, जो संसद के प्रति जिम्मेदार है और दिल्ली में जिसके मुखिया उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना हैं। केंद्र ने एक कानून बनाया है, जिसका नाम जीएनसीटीडी एक्ट यानी गवर्नमेंट ऑफ नेशनल टेरेटरी दिल्ली एक्ट है और इसके मुताबिक उप राज्यपाल ही असली सरकार हैं। केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी राज्य में विपक्ष में है और राज्य में सत्तारूढ़ दल केंद्र में विपक्ष में है। इससे दिल्ली की प्रशासनिक व्यवस्था और भी अनोखी हो गई है। जो सरकार में है वह विपक्ष में भी है और जो विपक्ष में है वह सरकार में भी है। इसलिए दोनों अपने को दिल्ली का मालिक मानते हैं और दिल्ली की सत्ता के लिए लड़ते रहते हैं। दोनों के बारे में एक और अनोखी बात यह है कि दोनों प्रचार की राजनीति और लड़ाई में माहिर हैं। इसका नतीजा यह है कि दिल्ली में सब कुछ ठप्प पड़ा हुआ है। दोनों पार्टियों के झगड़े से दिल्ली और समूचे एनसीआर के लोगों को किस तरह की मुश्किलें हैं, इसका एक नमूना दो फरवरी को देखने को मिला, जिस दिन दोनों पार्टियों ने अलग अलग मुद्दों पर प्रदर्शन किया था। आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि भाजपा ने चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव में जनादेश चुरा लिया। उसने 20 वोट होने के बावजूद आप और कांग्रेस के आठ वोट अवैध कर दिए और अपने 16 वोट के आधार पर मेयर का चुनाव जीत गई। इसे लेकर आप ने दिल्ली में प्रदर्शन किया तो दूसरी ओर भाजपा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया और कहा कि वे गिरफ्तारी के डर से शराब घोटाले में पूछताछ के लिए ईडी के सामने पेश नहीं हो रहे हैं। इस प्रदर्शन में शामिल होने के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी पहुंचे थे और आप ने पंजाब, हरियाणा हर जगह से लोग बुलाए थे। दूसरी ओर भाजपा ने भी दिल्ली के साथ साथ पूरे एनसीआर से लोगों को जुटाया। नतीजा यह हुआ है कि दिल्ली की कई सीमाओं पर बैरिकेडिंग हुई और दिल्ली के अंदर कई सड़कें बंद रहीं। कामकाजी दिन में पूरे दिन सड़कों पर भीषण जाम लगा रहा और लोग संघर्ष करते रहे। दोनों की लड़ाई का यह एक छोटा नमूना है। अभी एक नया मामला दिल्ली के अस्पतालों का सामने आया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का दावा है कि उनकी सरकार कुल बजट का 14 फीसदी के करीब हिस्सा स्वास्थ्य पर खर्च करती है, जबकि भारत सरकार का खर्च दो फीसदी के करीब है। दिल्ली सरकार का दावा है कि उसने दिल्ली की स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा सुधार कर दिया है। दूसरी ओर उप राज्यपाल ने तीन फरवरी को मुख्यमंत्री को चिट्ठी लिख कर मीडिया रिपोर्ट के हवाले दिल्ली के अस्पतालों की दयनीय स्थिति के बारे में सवाल पूछे हैं। दिलचस्प बात यह है कि केजरीवाल ने अस्पतालों की दयनीय स्थिति के आरोपों को खारिज नहीं किया है, बल्कि कहा है कि दिल्ली के वित्त व स्वास्थ्य सचिवों के कारण ऐसा है। उनका कहना है कि अगर इन दो सचिवों को हटा दिया जाए तो स्थिति सुधार जाएगी। सोचें, क्या सही है? विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं का दावा या सचिवों की वजह से अस्पतालों की दयनीय दशा?

# सब से बेहतरीन अमल करने वाली अल्लाह कि किताब है और सबसे बेहतर तरीका मोहम्मद स० अलैह०का तरीका है और सबसे बदतरीन काम दीन में नयी बातें पैदा करना है: मो सालिम अबुल कलाम शकील इमानी

**मधुबनी संवाददाता**

**हमारे** मआशरे में एक चीज जो खास तौर पे बहुत से मुसलमानों के घरों में देखी जा सकती है, वो है नियाज करवाना या फातिहा दिलाना जिसमे खाने-पीने की चीजों को सामने रखते हैं और सुरह फातिहा और दीगर कुरआनी सूरतें और आयतें पढ़ी जाती हैं और फिर आखिरी में पीर-ओ-पैगम्बरों की नजर की जाती है।

क्या ये नजर-ओ-नियाज, ये फातिहा दिलाना सही है??

सबसे पहले हम कुरआन और हदीस पे गौर करते हैं :

अल्लाह तआला कुरआन में फरमाता है 'हमने तुम्हारे लिए दीन को मुकम्मल कर दिया'

(सुरह माएदा, आयत नंबर 3)

'तुम पे हराम किया गया मुरदार और खून और खिंजीर का गोश्त, और जिस पे अल्लाह के सिवा किसी और का नाम पुकारा गया हो।'

(सुरह बकरा आयत 173, सुरह माएदा 3, सुरह अनाम 145 सुरह नहल 115)

हजरते आयशा रजि० से रिवायत है के मुहम्मद स० अलैह० फरमाते हैं के जिसने हमारे दीन में कुछ ऐसी बात शामिल की जो उसमे से नहीं है तो वो मरदूद है।

(सहीह बुखारी 2697, सहीह मुस्लिम 1718)

एक हदीस है के मुहम्मद स० अलैह० फरमाते हैं दीन के अंदर नयी नयी चीजें दाखिल करने से बाज रहो, बिला शुबहा हर नयी चीज बिदअत है और हर बिदअत गुमराही है और हर गुमराही जहन्नम में ले जाने वाली है।

(अबु'दाऊद किताब अल सुंनह 7064)

रसूलल्लाह स० अलैह० ने फरमाया सबसे बेहतरीन अमर (अमल करने वाली) अल्लाह की किताब है और सबसे बेहतर तरीका मुहम्मद स० अलैह० का तरीका है, और सबसे बदतरीन काम दीं में नयी नयी बातें पैदा करना है, और हर नयी बात गुमराही है

(इबने माजा जिल्द 1 हदीस 45)

इसके अलावा भी दलील के लिए न जाने कितनीही कुरआनी आयतें और हदीसें मौजूद हैं जो इस बात की दलील देती हैं के दीन में कोई नयी चीज ईजाद न करो और खाने पीने की चीजों पे सिर्फ अल्लाह का नाम लो ताकि वो तुम्हारे लिए हलाल हो जाये।

अब जरा गौर फरमाते हैं नियाज फातिहा के



तरीके और उस से जुडी बातों से।

नियाज फातिहा के गलत होने की दलीलः-

1.

आपने देखा होगा के नियाज फातिहा जब भी होती है तो किसी पीर या बुजुर्ग या किस औलिया-ओ- पैगम्बर के नाम की होती है, मतलब उनका नाम लिया जाता है बेशक उनके नाम लेने के पहले कुरआनी सूरतें और आयतें पढ़ी जाती है मगर जब भी किसी और का नाम आ जाये तो फिर वो खाने की चीज हराम हो जाती है। इसलिए नियाज फातिहा दिलाना सरासर गलत है और गुनाह है।

2.

अगर कुछ लोग इस बात पे बहस करें के अगर हमने सिर्फ कुरआनी आयतें पढ़ी तो फिर तो वो हलाल हुआ क्यूंकि कुरआन अल्लाह का कलाम है तो ऐसे समझदार लोगों से मैं पूछना चाहता हूँ के क्या किसी हदीस या कुरआन से इन्हे ऐसा करने की दलील मिलती है के कभी मुहम्मद रसूलल्लाह स० अलैह० ने या उनके सहबाओं ने ऐसा किया हो के खाने पीने के सामन सामने रख कर कुरआन की तिलावत की हो और फिर खाया हो

नहीं ऐसी कोई दलील किसी सही हदीस में नहीं है। मतलब साफ हुआ के लोगों ने अपनी तरफ से दीन में इस नयी चीज का ईजाद किया है, फिर तो ये बिदअत है और हर बिदअत गुमराही है।

3.

कुछ जाहिल लोग ये दलील देते हैं के खाने पे कुरआन की तिलावत करने से खाना हराम होता है तो फिर बिस्मिल्लाह कहने से भी कहना हराम हो गया। सबसे पहली बात के कुरआन की आयतें तिलावत करने से खाना हराम नहीं होता बल्कि तुम्हारा ये फेल (खाने पे तिलावत करना) बिदअत है क्यूंकि न तो मुहम्मद स० अलैह० ने कभी खाने को सामने रख कर तिलावत की और न ही उनके सहाबियों से कभी सुबूत मिला, हाँ खाने से पहले बिस्मिल्लाह के तमाम सुबूत मौजूद हैं।

4.

कुछ मौलवी जिन्होंने दीन को अपना कारोबार बन लिया है वो मेरे उन भाइयों को, जिन्हे दीन की समझ कम है ये दलील देते हैं के खाने की चीज पे तो हमने कुरआन पढ़ी और ये तो और भी अच्छी बात है फिर भी ये लोग ऐतराज करते हैं मैं अपने उन भाइयों को बताना चाहता हूँ के जैसे नमाज की एक रकत में सिर्फ दो ही सजदे हैं और अगर तीसरा सजदा किया तो ये गुनाह होगा बेशक सजदे के दौरान हम अल्लाह की तारीफें करें, मगर ये काम गुनाह हो गया क्यूंकि ये बिदअत है मतलब दीन-इ-इस्लाम में नयी चीज जोड़ी हमने इसलिए ये गुनाह है। उसी तरह से खाने की चीजें सामने रख कर कुरआन पढ़ें तो ये भी बिदअत हो जाती है क्यूंकि ये किसी हदीस से या कुरआन से साबित नहीं है।

सबसे आखरी बात ,वो ये के क्या दीन का कारोबार चलने वाले हमारे मौलवियों को लगता है की हमारा दीन मुकम्मल नहीं हुआ,जो वो इसमें नयी चीजें जोड़े जा रहे हैं जबकि अल्लाह फरमाता है के हमने तुम्हारे दीन को मुकम्मल कर दिया।

मतलब ये अल्लाह के कलाम को ताक पे रख कर (नउजुबिल्लाह) अपनी मनमानी करते रह रहे हैं और जिन्हे दीन की सही समझ नहीं है उन्हें भी बहका रहे हैं और न जाने कहाँ कहाँ से झूटी दलीलें दे रहे हैं जबकि हमें तो बस वही काम करनी चाहिए जिसका हुक्म अल्लाह और उसके रसूल ने दिया हो या मुहम्मदुर रसूलल्लाह से साबित हो और सहाबाओं ने किया हो।

ऊपर की तमाम बातों से ये साबित हुआ के नियाज फातिहा दीन में नयी ईजाद करदा अमल हैं जो की बिदअत है और हमे इस गुमराही से बचना चाहिए। बजाये सवाब के हम गुनाह की तरफ जा रहे हैं।

अल्लाह तआला से दुआ है के हम तमाम मुसलमान भाइयों को सही दीन पे अमल करने की तौफीक अत फरमाए और जो दीन के रास्ते से भटक गए हैं उन्हें रहे रास्त पे ला दें आमिन या रबबुल आलामिन

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:9619102478 /9821238815
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।
www.mumbaihalchal.com mumbaihalchal@gmail.com https://www.facebook.com/mumbaihalchal.halchal https://twitter.com/MumbaiHalchal

# बिल्डर अहमद राजस्थानी, अनाधिकृत निर्माण एवं कारस्तानी




**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**शील फाटा-मुंब्रा।** ठाणे महानगरपालिका के अंतर्गत आने वाला यह क्षेत्र, खासकर शील फाटा के समीप की एक गली जो कि ग्रीन पार्क नामी वैध हाऊसिंग सोसायटी की ओर जाती है। उसी गली में अहमद राजस्थानी नामक बिल्डर अवैध भवन निर्माण के कार्य में सक्रिय भूमिका अदा कर रहा है। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो वही अवैध निर्माण कर रहा है। चूंकि यह गली आगे जाकर बंद हो जाती है, इसलिए स्थानीय लोगों का ही आना जाना होता है। जिसका लाभ उठाते हुए यहां की खाली पड़ी जमीन पर मनपा अधिकारियों एवं भू माफियाओं के सहयोग से अवैध निर्माण शांति पूर्वक चल रहा है। जिन अधिकारियों को इस अवैध निर्माण के विरुद्ध अभियान चलाना चाहिए वही लोग ऐसे बिल्डर के मित्र बने हुए हैं। इसका कारण व्यक्तिगत लाभ के अतिरिक्त और क्या हो सकता है ? अतः दुर्भाग्यवश अवैध निर्माण धरती पर फैल रहा है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया एडिटर जफर सिद्दीकी का जन्मदिन

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** ऑल इंडिया कॉंग्रेस वर्कर्स कमिटी के मुंबई अध्यक्ष एंव महाराष्ट्र के महासचिव एडिटर जफरसिद्दीकी के जन्मदिवस पर हार्दिक अभीष्टचिंतन* जन्मदिवस के अवसर पर मुंबई के बांद्रा पूर्व विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने जफरसिद्दीकी को जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं दी शुभ कामनाएं देने वालों की भीड़ में जफरसिद्दीकी ने सभी का पधारना एवं बधाई स्वीकार करते हुए आभार व्यक्त किया। जफरसिद्दीकी ऑल इंडिया कॉंग्रेस वर्कर्स कमिटी के मुंबई अध्यक्ष एंव महाराष्ट्र के महासचिव है और दैनिक बुलंददुनिया और साप्ताहिक बुलंद देश के एडिटर है शुक्रवार 2 फरवरी को उनके जन्मदिन पर बधाई देने के लिए शेकडो माविकास आघाडी के दोस्त मित्र लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस मौके पर ऑल इंडिया कॉंग्रेस वर्कर्स कमिटी के मुंबई अध्यक्ष एंव महाराष्ट्र के महासचिव जफरसिद्दीकी ने सभी से मुलाकात की, शुभकामनाएं स्वीकार की और सभी का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। वंचित आघाडी के जावेद शेख ने जफरसिद्दीकी को शाल और बुके देकर जन्मदिन की बधाई दी। ऑल इंडिया कॉंग्रेस वर्कर्स कमिटी के उत्तर मध्य जिला अध्यक्ष उसमानखा उ र्फ लाला ने जफरसिद्दीकी को शाल और बुके देकर जन्मदिन की बधाई दी। सांताक्रूज के जानी मानी हस्ती सलीम फाउण्डेशन के अध्यक्ष सलीमखान ने जफरसिद्दीकी को शाल और बुके देकर जन्मदिन की




बधाई दी। सांताक्रुज के लोकप्रिय सामाजिक कार्यकर्ता अब्दुल फिहिम शेख ने जफरसिद्दीकी को शाल और बुके देकर जन्मदिन की बधाई दी। जनता दल के जिला अध्यक्ष अब्दुल रहिम शेख ने जफरसिद्दीकी को शाल और बुके देकर जन्मदिन की बधाई दी। शिवसेना उध्दव ठाकरे गुट के जमिल कुरेशी ने जफरसिद्दीकी को शाल और बुके देकर जन्मदिन की बधाई दी। डि एफ एस बिल्डर्स फजल सौदागर ने जफरसिद्दीकी को शाल और बुके देकर जन्मदिन की बधाई दी। अब्दुल कय्युम तांबोली साहब ने जफरसिद्दीकी को शाल और बुके देकर जन्मदिन की बधाई दी। उत्तर मध्य मुंबई के कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष लोकप्रिय समाज सेवक शोएब फरीद खान ने बिहार से फोन करके जन्मदिन की बधाई दी।

मुंबई युवा कांग्रेस के महासचिव फिरोज शेख ने जफरसिद्दीकी को शाल और बुके देकर जन्मदिन की बधाई दी। इस शुभ अवसर पर आबिद शेख, भूपेंद्र दायमा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष नईम शेख, जीतू सिंह ठाकुर, सुभाष पतोड़े, युसूफ माडी निलोफर काजी, सितारा शेख, जाकिर शेख, शबाना शेख, मौजूद रहे। शुक्रवार को सुबह से ही सभी उनके जन्मदिन पर बधाई देने के लिए उनके आवास पर मित्रों और शुभचिंतकों का तांता लगा रहा। इस मौके पर प्रमुख उपस्थिति में बधाई देने के लिए फिरोज शेख, पिंकी मॅडम, डोंगरे भाई,सलमान शेख, आरीफ अन्सारी, आरीफ शेख,हाजी निसार कुरेशी, अतिक पटेल, उस्मान खान, नईम शेख, जाकिर कुरेशी, अनवर कुरैशी, सितारा शेख, जाहिदा खान, जरीन अंसारी, रुखसाना खान, डॉ बसेरा , एडवोकेट सुप्रिया पाठक, पुष्पा अहिरवार, प्रियतमा सावंत, नीलोफर काजी, सलमान शेख, शरीफ कादरी, शाकिर कुरैशी, जाकिर शेख, शबाना शेख, त्यागी जी, गुप्ता साहब, आशीष चौधरी, साहिल, अहसान कादरी, रमेश पवार, परेश गाला, असलम शेख, अब्दुल गफ्फार, मजहर शेख, अमीर कुरेशी, जावेद सैयद, शाहिद शेख,मसीउल्लाह शेख, मसर्रत खान, नईम भाई, जमानी साजिद के शाकिर कुरेशी, महफूज खान, गुलफाम खान, रमेश पवार, श्रवण झा, दीपक साळुंके, महेश तांबे, चंद्रभान चावला,अमित भिलवारा, मुन्ना जैस्वाल इन लोगो ने फेसबुक, व्हास्टअप, ट्रिवटर, इंन्स्टाग्राम के जरिए तो किसी ने फोन करके तो किसी ने मुलाखात लेकर दि जन्मदिन की बधाई। सोशल मीडिया की विशेष उपस्थिति रही। साथ ही, शहर के राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, खेल, उद्योग, प्रशासन, पत्रकारिता, सहकारिता, महिला स्वयं सहायता समूहों आदि क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्तियों सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ-साथ मुंबईकर भी जफरसिद्दीकी को जन्मदिन की बधाई दी। मुंबई के हर इलाके किसी ने सोशल मीडिया पर किसी ने फेसबुक इंस्टाग्राम ट्विटर से तो किसी ने मोबाइल फोन पर जन्मदिन की बधाई दी, जफरसिद्दीकी ने सभी से बातचीत कर बधाई स्वीकार की। सोशल मीडिया पर जफरसिद्दीकी को शुभचिंतकों ने जन्मदिन की बधाई दी उन सभी का जफरसिद्दीकी ने शुक्रिया व्यक्त किया। जफरसिद्दीकी ने उनके जन्मदिन के अवसर पर बधाई देने आए सभी शुभचिंतकों और मित्रों का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया, उनकी शुभकामनाओं को स्वीकार किया और उनसे बातचीत की।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

## महाराष्ट्रः सरकारी ठेकेदारों के ठिकानों पर आईटी का छापा

आयकर विभाग को 850 करोड़ से ज्यादा की बेहिसाब संपत्ति और लेनदेन होने की आशंका हैं। बताया जा रहा है कि आईटी की छापेमारी ठेकेदारों के आठ से ज्यादा जगहों पर की गई। सूत्रों के मुताबिक, इस छापेमारी में विभिन्न ठिकानों से 8 करोड़ रुपये की नकदी, 3 करोड़ रुपये के सोने के आभूषण और गोल्ड बिस्किट जब्त किये गये। आयकर विभाग की टीम ने नासिक में एक साथ दर्जनभर से अधिक जगहों पर छापा मारा। शहर के सबसे बड़े सरकारी ठेकेदारों के आवास और कार्यालय व अन्य परिसरों की तलाशी ली गई। उनसे संबंधित बैंक खातों, कंप्यूटरों और लेनदेन की जांच चल रही है। आयकर विभाग ने छापेमारी के दौरान करोड़ों रुपये के लेन-देन से जुड़े दस्तावेज, पेन ड्राइव, हार्डडिस्क जांच के लिए जब्त किए हैं।

## ढाई महीने बाद इस्तीफे का खुलासा क्यों?

लेकिन इतने समय तक सार्वजनिक रूप से यह घोषणा क्यों नहीं की गई कि उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है? ये सवाल विरोधियों द्वारा पूछा जा रहा है। छगन भुजबल ने खुलासा किया है कि उनके इस्तीफे के बाद पर्दे के पीछे क्या हुआ? उन्होंने कहा कि 17 नवंबर को उन्होंने अजीत पवार के कार्यालय को अपना इस्तीफा सौंप दिया था, लेकिन अंबाड जाते समय मुझे एक संदेश मिला, इसके बारे में बात नहीं करें। मैंने अंबाड में नहीं यह बात नहीं कहीं। आने के बाद मुख्यमंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्रियों ने मुझे बुलाया। उन्होंने कहा कि तब अजित पवार ने कहा कि मैंने आपका इस्तीफा मुख्यमंत्री को सौंप दिया है। उस समय मुख्यमंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्रियों ने कहा था कि ओबीसी को लेकर आपके विचार व्यक्त करने में हमें कोई आपत्ति नहीं है। हमें ओबीसी के लिए भी शांति से काम करना चाहिए। कृपया इस त्याग पत्र का खुलासा नहीं करें। इसलिए, मैंने ढाई महीने तक इस्तीफा पत्र के बारे में कुछ नहीं कहा। उन्होंने कहा, विभिन्न दलों के लोग उनसे इस्तीफा देने के लिए कह रहे हैं। आखिरकार, एक शिवसेना विधायक ने उनसे कहा कि उनकी कमर में लात मारो और उन्हें कैबिनेट से बाहर निकाल दो। उसके बाद मैंने इसका खुलासा किया। कृपया यह न सोचें कि मैं मंत्रालय से चिपका हुआ हूं। मैंने 16 तारीख को इस्तीफा दे दिया और 17 तारीख को अंबाड सभा में गया। वे जिस बारे में बात करना चाहते हैं वह नाटक वगैरह है। उन्हें बोलने दीजिए।

## पूनम पांडे की बढ़ी मुश्किलें

पूनम पांडे की मौत के झूठ वाले स्टंट को लेकर विवाद के बाद कैंपेन में शामिल डिजिटल एजेंसी शबैंग ने भी माफी मांगी है। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर फैजान अंसारी ने मुंबई पुलिस को एक लिखित शिकायत दी और पब्लिसिटी के लिए अपनी मौत की झूठी अफवाह फैलाने के आरोप में पूनम पांडे की गिरफ्तारी की मांग की। अंसारी ने मॉडल पर मौत का नाटक रचकर लोगों को गुमराह करके सनसनी पैदा करने का आरोप लगाया है। पुलिस कमिश्नर को लिखे अपने पत्र में फैजान ने लिखा कि पूनम पांडे ने कैंसर जैसी बड़ी बीमारी का मजाक उड़ाया है और कैंसर से पीड़ित लोगों का अपमान किया है। पूनम की हरकत से बॉलीवुड की छवि भी खराब हुई। गौरतलब है कि पूनम पांडे के खिलाफ मुंबई पुलिस में दर्ज यह तीसरी लिखित शिकायत है। इससे पहले सिने वर्कर्स एसोसिएशन और एडवोकेट अली कासिफ ने शिकायत दर्ज कराई थी। उधर, ऑल इंडिया सिने वर्कर्स असोसिएशन (एआईसीडबल्यूए) ने कहा है कि अभिनेत्री व उनकी मैनेजर पर एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। एआईसीडबल्यूए ने कहा, सर्वाइकल कैंसर के नाम पर खुद को प्रमोट करना सही नहीं है। अब तो लोग फिल्म इंडस्ट्री में किसी की भी मौत की खबर को सच मानने से हिचकेंगे।

# ऑल इंडिया वर्कर्स कांग्रेस कमेटी ने किया राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी का किया सत्कार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** राज्य सभा सांसद माइनॉरिटी कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी का मुंबई में आगमन होने पर महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी तिलक भवन दादर कार्यालय में माइनॉरिटी कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता कार्यकर्ताओं का सिस्टमंडल इमरान प्रतापगढ़ी साहब से मिला और हर कार्यकर्ताओं ने अपनी समस्या को उनके सामने रखा इस वक्त ऑल इंडिया वर्कर्स कांग्रेस कमेटी के मुंबई अध्यक्ष एवं महाराष्ट्र महासचिव पत्रकार जफर सिद्दीकी ने राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी साहब का शाल और बुके देकर सत्कार किया और कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए चर्चा की गई भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस, अल्पसंख्यांक डिपार्टमेंट के अध्यक्ष, खासदार जनाब इमरान प्रतापगडी साहब आनेवाले लोकसभा चुनावमें कॉंग्रेस घोषणा पत्र में क्या मुददे होने चाहिए, इस बात को जानने के लिए वे समाज के अलग अलग वर्ग और पार्टी के कार्यकर्ताओं से मिले।

इस मौके पर महाराष्ट्र कॉंग्रेस प्रदेश, मायनॉरिटी प्रभारी जनाब मोहम्मद अहमद साहब, महाराष्ट्र कॉंग्रेस मायनॉरिटी अध्यक्ष जनाब वजाहत मिर्झा साहब, महाराष्ट्र कॉंग्रेस मायनॉरिटी उपाध्यक्ष जनाब इब्राहीम भाईजान, महाराष्ट्र कॉंग्रेस सेक्रेटरी जनाब



अनीस कुरैशी साहब मौजूद थे। इस शुभ अवसर पर ऑल इंडिया वर्कर कांग्रेस कमेटी के मुंबई अध्यक्ष पत्रकार जफर सिद्दीकी इन्होंने राज्यसभा खासदार इमरान प्रतापगढ़ी साहब का शाल और बुके देकर सत्कार करके उन्हें सम्मानित किया विधायक वजाहत मिर्जा साहब ने जफर सिद्दीकी का इमरान प्रतापगढ़ी साहब से अच्छे से परिचय करके दिया इस वक्त उनके साथ महाराष्ट्र प्रदेश माइनॉरिटी कांग्रेस के अध्यक्ष विधायक वजाहत मिर्जा जी महाराष्ट्र प्रदेश माइनॉरिटी कांग्रेस के प्रभारी अहमद खान साहब इब्राहिम भाई जान अनीश भाई कुरेशी इकबाल भाई उत्तर मध्य जिला अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष साबिर शेख आलम भाई चिराग भाई और बहुत सारे सारे कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ताओं की मौजूदगी थी।

# शिव कॉलोनी में हल्दी कुमकुम कार्यक्रम आयोजित

**जलगाँव।** जिले की शिव कॉलोनी के सिद्धिविनायक गणेश मंदिर के गट न.60 की महिलाओं ने हल्दी कुमकुम का कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का श्री गणेश संस्थान की अध्यक्ष सुलोचना पांडुरंग बाविस्कर (पूर्व मुख्याध्यापिका) ने दीप प्रज्वलित कर किया। मिली जानकारी के अनुसार उक्त कार्यक्रम का आयोजन श्री गुरुदत्त बहुउद्देशीय मंडल शिव कॉलोनी के सौजन्य से किया गया। इस दौरान महिलाओं को हल्दी कुमकुम ओर उपहार स्वरूप महिलाओं को भेट दी गई। कार्यक्रम में लगभग 200 के आसपास महिलाओं ने भाग लिया। कानूनी सलाहकार एडवोकेट स्मिता रमेश झालटे(कोहली) ने मीडिया को बताया की गजानन विजय धार्मिक ग्रंथ



पाठ किया गया। कार्यक्रम को कामयाब करने में उक्त नामित प्रधान की विशेष भूमिका रही। आशा वर्कर भावना पाटिल ने भी कड़ी मेहनत की है।

# यात्रा के दौरान ट्रैन में मोबाइल चोरी, आरोपी गिरफ्तार



**जलगाँव।** चलती ट्रेन में मोबाइल चोरी का एक मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक उक्त मामले में लोहमार्ग पुलिस थाना भुसावल में एफआईआर सं.106/2024 व धारा 379 भादस. के तहत मामला दर्ज किया गया है। वादी शुभम शर्मा निवासी हडपसर जिला पुणे बीती 31 जनवरी को ट्रेन नं. 12780 गोवा एक्स. रेलवे स्टेशन ग्वालियर से पुणे तक कोच ए/1 बर्थ नंबर 17 से यात्रा करते समय, भुसावल रेलवे स्टेशन पर यात्रा के दौरान वादी की नींद खुली और उसे पता चला कि उसके काले रेडमी 9 प्रो कंपनी के मोबाइल की कीमत 26,999/- बताई जा रही है। अज्ञात चोर ने पीड़ित की नींद का फायदा उठाकर चोरी को अंजाम देकर उसका मोबाइल चुरा लिया। पीड़ित की शिकायत पर 31/01/2024 को लोहमार्ग पुलिस स्टेशन भुसावल में मामला दर्ज किया गया था।

# चीन के हार्बिन पार्क ने बनाया विश्व रिकॉर्ड, जीता सबसे बड़े अस्थायी 'बर्फीले पार्क' का खिताब


मुंबई हलचल / नई दिल्ली

चीन में आइस-स्नो वर्ल्ड नामक अस्थायी बर्फ थीम वाला पार्क है। इस पार्क में हर सर्दियों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इस साल भी यह पार्क बनाया गया है, लेकिन पहले की तुलना में इस बार यह बहुत खास है क्योंकि इस साल बर्फ थीम वाला पार्क 87,90,697 वर्ग फुट के क्षेत्र में मापा गया है। इससे इस पार्क का नाम दुनिया में सबसे बड़े थीम पार्क के रूप गिनीज बुक में शामिल किया गया है।

## दुनिया का सबसे बड़ा अस्थायी बर्फीला पार्क

### क्या है रिकॉर्ड?

रिपोर्ट्स के मुताबिक, आइस-स्नो पार्क हेइलोंगजियांग के हार्बिन में स्थित है। पार्क के इस साल के संस्करण को गिनीज विश्व रिकॉर्ड द्वारा 87,90,697 वर्ग फुट के क्षेत्र को कवर करने के रूप में सत्यापित किया गया है। इससे यह दुनिया का सबसे बड़ा अस्थायी थीम पार्क बन गया है। इसके लिए गिनीज अधिकारियों ने 5 जनवरी, 2024 को हार्बिन में चाइना आइस एंड स्नो टूरिज्म डेवलपमेंट फोरम 2024 में अधिकारियों को प्रमाण-पत्र दिया है।



### इस साल लाखों की संख्या में लोग आए घूमने

इस पार्क की खूबसूरती देश और दुनियाभर के पर्यटकों को आकर्षित करती है। हर साल लोग छुट्टियां मनाने के लिए यहां आते हैं। हालांकि, इस साल यह आयोजन अपने ही उपस्थिति रिकॉर्ड को तोड़ रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बार नए साल की 3 दिवसीय छुट्टियों के दौरान ही हार्बिन में लगभग 30 लाख लोग घूमने आए। इससे देश में करीब 6,864 करोड़ रुपये पर्यटन आय उत्पन्न हुई।

**थीम पार्क को 10 हजार लोगों ने एक माह में बनाया :** जानकारी के मुताबिक, बर्फ थीम वाला यह पार्क इतना बड़ा है कि इसे पूरा बनाने में 10,000 से ज्यादा लोगों की एक टीम को 1 महीने से ज्यादा का समय लगा था। यह पार्क बहुत खूबसूरती के साथ बनाया गया है और इसके अंदर 2,000 से ज्यादा बर्फ की मूर्तियां भी मौजूद हैं।

### लोकप्रियता को पर्यटन विभाग ने दिया श्रेय

हार्बिन डेली समाचार पत्र के मुताबिक, छुट्टियों के दौरान शहर के आवास और खान-पान क्षेत्रों में वृद्धि 2019 से दोगुनी से भी ज्यादा हुई है। ऐसे में शहर के पर्यटन विभाग ने इस वृद्धि का श्रेय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हार्बिन की बढ़ती लोकप्रियता को दी है। बता दें कि अधिकारियों ने पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए थीम पार्क के साथ-साथ लाइव प्रदर्शन, संगीत कार्यक्रम, आतिशबाजी प्रदर्शन, भोजन, आवास और खरीदारी सेवाओं में सुधार सहित कई गतिविधियां की हैं।

# जितनी किसी बड़े देश के धनवानों की दौलत उससे भी कम है इन देशों की अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली। दुनिया में सैकड़ों देश हैं और उनकी अपनी खासियत होती है। कहीं की जलवायु और प्राकृतिक परिस्थितियां अलग हैं तो कहीं जनसंख्या कम या ज्यादा है। इसके अलावा देशों की जीडीपी के आधार पर भी इसमें अंतर होता है। चलिए आज बताते हैं कि दुनिया के वो कौन से पांच देश हैं, जिनकी अर्थव्यवस्थाएं इतनी छोटी हैं। ये देश उतने से भी कम में चल रहे हैं, जितनी दुनिया के कई रइसों के पास दौलत है।**

### मार्शल आइलैंड उच्च मध्यम आय वाला देश

पांचवी सबसे छोटी अर्थव्यवस्था के तौर पर नाम आता है



मार्शल आइलैंड का। यहां की जनसंख्या कुल 41,569 हजार है और 1200 द्वीपों का ये एक समूह है। रिपोर्ट के मुताबिक साल 2022 तक इस देश की जीडीपी लगभग 279,667,900 मिलियन डॉलर यानि 2320 करोड़ 63 लाख रुपए से थोड़ी ज्यादा है। ये उच्च मध्यम आय वाले देशों में आता है।

### किरिबाती निम्न मध्यम आय वाला देश

इस लिस्ट में अगली छोटी अर्थव्यवस्था के तौर पर किरिबाती का नाम आता है। ये भी द्वीप समूह है, जिसमें कुल 33 द्वीप हैं। इस देश का कुल सकल घरेलू उत्पाद यानि जीडीपी 216 मिलियन डॉलर यानि 1792 करोड़ 53 लाख रुपए से ज्यादा है। इसे निम्न मध्यम आय वाले देश में रखा जाता है। ये निम्न मध्यम आय वाले देशों में आता है।



**पलाऊ की जीडीपी 2024 करोड़ :** पलाऊ संयुक्त राज्य अमेरिका के मुक्त संघ के समझौते में एक आजाद देश है। इस देश का सकल घरेलू उत्पाद यानि 244 मिलियन डॉलर यानि 2024 करोड़ 81 लाख रुपए से थोड़ी ज्यादा है।

### नाउरू गणराज्य की जीडीपी 134 मिलियन डॉलर

दुनिया की दूसरी सबसे छोटी अर्थव्यवस्था नाउरू



गणराज्य की है। 80 के दशक में दुनिया के सबसे अमीर देशों में शुमार था, लेकिन आर्थिक कुव्यवस्था की वजह से थोड़ा इकोनॉमी बन गया। बावजूद ये उच्च आय वाले देशों में शुमार है। इसकी जीडीपी 134 मिलियन डॉलर यानि 1112 करोड़ 7 लाख रुपए से थोड़ा ज्यादा है।

### तुवालू की अर्थव्यवस्था 547 करोड़ 65 लाख रुपए

अब बात दुनिया की सबसे छोटी अर्थव्यवस्था तुवालू की. इस देश की अर्थव्यवस्था 66 मिलियन डॉलर यानि 547 करोड़ 65 लाख रुपए से थोड़ी ज्यादा है। चूंकि इस देश में सिर्फ 11 से 12 हजार लोग ही रहते हैं, ऐसे में ये उच्च मध्यम आय वाला देश है।



# पृथ्वी का केंद्र माना जाता है घाना मुख्य बिंदु से 380 मील दूर है स्थित

*वैज्ञानिकों ने ग्रह के हर हिस्से की जांच की है। यहां 200 से अधिक देश हैं, जिनमें से 195 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता दी गई है। ये देश दुनिया भर में फैले हुए हैं। कुछ अत्यधिक ठंडे हैं, जबकि अन्य अविश्वसनीय रूप से गर्म हैं, लेकिन पृथ्वी के मध्य में स्थित उस देश का नाम क्या है?*

### घाना है पृथ्वी के केंद्र के सबसे पास

पृथ्वी पर दूरियाँ अक्सर कई दिशाओं में मापी जाती हैं। खगोलशास्त्री इस बारे में लोगों को जानकारी भी देते हैं। हालाँकि, जब पृथ्वी के केंद्र की बात आती है, तो विज्ञान कहता है कि वहाँ कोई देश नहीं है। वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी का कोर 0**N** 0**E** पर स्थित है, जहां कोई देश नहीं है। वैज्ञानिक इस स्थान को काल्पनिक स्थान बताते हैं। इसीलिए घाना, जो इसके सबसे निकट है, को पृथ्वी का केंद्र माना जाता है।



### गैबॉन पृथ्वी के केंद्र से 670 मील दूर

इसके अलावा, गैबॉन पृथ्वी के केंद्र से लगभग 670 मील पश्चिम में स्थित है। इसे कभी-कभी केंद्र भी कहा जाता है। आप यह जानकर चौंक जाएंगे कि विश्व के केंद्र में स्थित होने के कारण घाना की पारिस्थितिकी बहुत विविध है।

### घाना को माना जाता है वैश्विक मील का पत्थर

अब मुद्दा यह उठता है कि यदि दुनिया के केंद्र में कोई देश नहीं है, तो घाना को पृथ्वी के केंद्र में देश क्यों कहा जाता है? अफ्रीकी महाद्वीप पर स्थित घाना, पृथ्वी के केंद्र के सबसे निकट का देश है। यह पृथ्वी के केंद्र से केवल 380 मील दूर है। इसीलिए विशेषज्ञ इस स्थान को एक वैश्विक मील का पत्थर मानते हैं। इसका उपयोग किसी वस्तु या स्थान और पृथ्वी के केंद्र के बीच की दूरी निर्धारित करने के लिए किया जाता है।

### घाना सबसे अधिक गर्म व गरीब देश

विश्व के अन्य देशों की तुलना में घाना में सबसे अधिक गर्मी पड़ती है। मई और जून में यहां का तापमान इतना अधिक होता है कि बाहर जाने पर जलन हो सकती है। दावा तो यहां तक किया जाता है कि यहां इतना सोना था कि इसे दुनिया भर में बांटा जा सकता था। हालाँकि, अब इसे बहुत गरीब देश माना जाता है।

# स्पाइडर मैन की सबसे पहली कॉमिक बुक की दुर्लभ प्रति 11 करोड़ रुपए में बिकी



**टेक्सास।** स्पाइडर मैन मार्वल कॉमिक्स का एक काल्पनिक सुपरहीरो है। इसकी लोकप्रियता इतनी है कि मार्च, 1963 में प्रकाशित 'द अमेजिंग स्पाइडर-मैन #1' नामक स्पाइडर मैन की पहली कॉमिक बुक एक नीलामी में 13.8 लाख डॉलर (लगभग 11 करोड़ रुपये) में बिकी है। यह कॉमिक बुक ग्रेडिंग सर्विस सर्टिफाइड गारंटी कंपनी द्वारा दी गई नियर मिंट/मिंट रेटिंग वाली 'द अमेजिंग स्पाइडर-मैन #1' की केवल 2 प्रतियों में से एक है। कलाकार स्टीव डिटको और लेखक स्टेन ली द्वारा निर्मित पीटर पार्कर (स्पाइडर मैन) को पहली बार मार्वल द्वारा प्रकाशित एक संकलन कॉमिक बुक में अगस्त, 1962 में पेश किया था।

### कहां हुई नीलामी?

अमेरिका में टेक्सास के डलास शहर स्थित हेरिटेज नीलामी घर द्वारा बेची गई इस कॉमिक को सीजीसी द्वारा 9.8 ग्रेड प्राप्त है। सीजीसी के अध्यक्ष मैट नेल्सन ने न्यूयॉर्क पोस्ट को बताया, आज के बाजार में एक खरीदार के लिए 9.8 ग्रेड की कोई किताब खरीदना जीवन में एक बार मिलने वाला अवसर हो सकता है। इस वजह से हाल ही में बिकी स्पाइडर मैक कॉमिक को दुर्लभ माना गया है।

### वंडर वुमन की कॉमिक बुक भी 12 करोड़ में बिकी

इस नीलामी में स्पाइडर मैन की कॉमिक के अलावा शोकेस #4 नामक कॉमिक भी शामिल थी, जिसमें बैरी एलन (द फ्लैश) को पहली बार दर्शाया गया था। यह कॉमिक लगभग 7 करोड़ रुपये में बिकी। इसके अतिरिक्त साल 1942 की 'ऑल स्टार कॉमिक्स नंबर 8' की एक प्रति लगभग 12 करोड़ रुपये में बिकी। इसमें वंडर वुमन की पहली प्रस्तुति थी। इसके साथ ही नीलामी में एडगर राइस बरोज की ऑल स्टोरी की एक कॉमिक भी शामिल रही।

## उत्तराखंड हलचल

# उत्तराखंड की धामी सरकार आज पेश करेगी समान नागरिक संहिता विधेयक

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**देहरादून।** विधानसभा सत्र के दूसरे दिन आज सरकार समान नागरिक संहिता से संबंधित विधेयक सदन में प्रस्तुत करेगी। सोमवार को हुई विधानसभा की कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में इस महत्वपूर्ण विधेयक को देखते हुए आज प्रश्नकाल व शून्यकाल स्थगित रखने का निर्णय लिया गया। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विधेयक पेश होगा और फिर इस पर चर्चा भी शुरू हो जाएगी। आज राज्य आंदोलनकारियों को सरकारी सेवाओं में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिए जाने के संबंध में प्रवर समिति की रिपोर्ट भी सदन में पेश की जाएगी। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ट्वीट किया, देवभूमि उत्तराखण्ड के नागरिकों को एक समान अधिकार देने के उद्देश्य से आज विधानसभा में समान नागरिक संहिता का विधेयक



पेश किया जाएगा। यह हम सभी प्रदेशवासियों के लिए गर्व का क्षण है कि हम यूसीसी लागू करने की दिशा में आगे बढ़ने वाले देश के पहले राज्य के रूप में जाने जाएंगे।

**विधानसभा के बाहर कड़ी सुरक्षा**

देहरादून में उत्तराखंड विधानसभा के बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। समान नागरिक संहिता पर बिल आज सदन में पेश किया जाएगा, जिसके बाद इस पर बहस होगी।

**दो फरवरी को मुख्यमंत्री को सौंपा गया ड्राफ्ट**

ड्राफ्ट को तैयार करने के लिए विशेष समिति का गठन किया गया था। समिति ने 20 माह के कार्यकाल में विभिन्न धर्मों, समूहों, आमजन व राजनीतिक दलों से संवाद कर संहिता का ड्राफ्ट तैयार किया है। चार खंडों व 740 पेज का यह ड्राफ्ट समिति ने दो फरवरी को मुख्यमंत्री को सौंपा।

**चार फरवरी को कैबिनेट बैठक में लगी मुहर**

चार फरवरी को हुई कैबिनेट की बैठक में ड्राफ्ट और इससे संबंधित विधेयक पर मुहर लगाई गई। इस बीच विधानसभा सत्र में सोमवार को सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद हुई कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में मंगलवार के एजेंडे पर विमर्श किया गया।

**नेता प्रतिपक्ष ने की इस्तीफा देने की घोषणा**

बहुमत से समिति में मंगलवार को प्रश्नकाल व शून्यकाल स्थगित करने का निर्णय ले किया गया। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने आरोप लगाया कि सरकार सदन की परंपराओं से खिलवाड़ कर रही है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य व विधायक प्रीतम सिंह ने बहुमत से प्रश्नकाल व शून्यकाल न होने के विषय पारित होने पर कार्यमंत्रणा समिति से इस्तीफा देने की घोषणा की।

# हाईवे के दोनों और बने गड्ढे, ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज– केस दर्ज होने के बाद बोला मैं तो...

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**बहादराबाद।** दिल्ली-हरिद्वार नेशनल हाईवे के दोनों और बने गड्ढे हादसों का कारण बन रहे हैं। पिछले दस दिन में इन गड्ढों के कारण चार हादसों में दो की मौत हो चुकी है। इन हादसों के बाद पुलिस ने अज्ञात ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। शांतरशाह पुलिस चौकी प्रभारी खेमेन्द्र गंगवार ने बताया कि दिल्ली-हरिद्वार नेशनल हाईवे में क्रिस्टल वर्ल्ड से सल्फर मोड़ तक दोनों तरफ नाली का निर्माण किया जा रहा है। आरोप है कि निर्माण कंपनी ने हाईवे के दोनों तरफ बड़े-बड़े गड्ढे खोद दिए हैं। जिनके आसपास सुरक्षा का कोई प्रबंध नहीं किया गया है। न तो कोई साइन बोर्ड लगाया गया और न ही बैरियर। नतीजा यहां आए दिन हादसे हो रहे हैं। लगातार हो रही घटनाओं के बाद पुलिस ने सोमवार को संबंधित ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# हल्द्वानी में चलती कार में युवती से सामूहिक दुष्कर्म, तीन घंटे शहर में दौड़ती रही कार, जबरन पिलाई शराब

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड में कार सवारों युवकों द्वारा युवती का अपहरण कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपित कार को तीन घंटे तक हल्द्वानी की सड़कों पर घुमाते रहे और शराब पीते रहे। आरोपितों ने युवती को भी शराब पिलाई और कार में ही सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद मुखानी चौराहे पर युवती को कार से उतारकर फरार हो गए।

पुलिस ने चारों आरोपितों पर अपहरण व दुष्कर्म की धारा में प्राथमिकी दर्ज की है। दो आरोपितों को हिरासत में भी ले लिया है। मुखानी थाना क्षेत्र में रहने वाली 22 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि तीन फरवरी की शाम सात बजे वह अपने घर से ट्रांसपोर्टनगर की ओर जा रही थी। डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल चौराहे के



पास ई-रिक्शे से उतरी थी। यहां से उसका भाई उसे स्कूटी से लेने आ रहा था। कुछ देर इंतजार करने पर जब भाई नहीं आया तो उसने मां को फोन किया, लेकिन मां का फोन नहीं उठा। इस पर वह पैदल ही वापस घर को लौटने लगी। कैंसर अस्पताल तिराहे से आगे पहुंचते ही एक सफेद रंग की कार रुकी। कार में सवार युवक नशे में धुत थे और उसे जबरन कार में खींच लिया। इसके बाद कार लाक कर दी। उसे फोन तक नहीं रिसीव करने दिया। युवक उसे रामपुर रोड के बाद कालाढूंगी रोड की तरफ सुनसान जगह पर ले गए। कार में बैठकर युवकों ने शराब पी और उसे भी जबरदस्ती पिलाई। आरोपितों ने कार के अंदर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि आरोपित हल्द्वानी के मनोज, सोनू, आशु व ऋषि के विरुद्ध प्राथमिकी की है। शाम को मनोज व ऋषि को हिरासत में ले लिया है। नैनीताल के एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने कहा कि युवती की तहरीर के आधार पर आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी कर ली है। दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बुलडाणा हलचल


# बुलढाणा में अतिक्रमण की आड़ में गरीब दुकानदारों पर कार्रवाई



**संवाददाता/अशफाक युसुफ**

**बुलढाणा।** एक तरफ शहर सहित राज्यभर में बेरोजगारी बढ़ती ही जा रही है। बेरोजगारों को रोजगार देने वाली राज्य और केंद्र सरकार रोजगारी देने का सिर्फ ढिंढोरा ही पीट रही है। बढ़ती बेरोजगारी की समस्या को हल करने में सरकार विफल नजर आ रही है। दूसरी तरफ देखा जाए शहर में प्रशासन आए दिन अतिक्रमण की आड़ में गरीबों दुकानदारो पर कार्रवाई कर रही है। जिससे कई घरों में भूख मेरी की नौबत आ गई है। बेरोजगारी में इजाफा हो रहा है। शहर के रोड किनारे रेडियो पर गरीब दुकानदारों सब्जी तरकारी बेचने वाले पर अतिक्रमण के नाम पर बेवजह कार्रवाई कर रहे कर रही है। जब की यह लोग दिन भर अपनी मेहनत से दुकान लगाकर अपने और अपने परिवार का गुजर बसर करते हैं। दो वक्त की रोटी कमा अपने संसार में हंसी खुशी से जिंदगी गुजर रहे हैं। दूसरी ओर शहर जिला भर में अवैध धंधे खुलेआम चल रहे हैं। इसमें वर्ली मटका, ऑनलाइन सट्टा, कानूनी शराब खुलेआम अवैध धंधे जारी है। इन अवैध धंधों की वजह से बेरोजगारी तो बढ़ी रही है। खास तौर से कहीं घरों का संसार बर्बाद हो रहा है। अवैध धंदो के कारण कई महिलाएं शिकार हो रही है। जो मेहनत और मशक्कत से कमा रहा है उसे प्रशासन अतिक्रमण की आड़ में बेरोजगार बना रही है। इस अवैध धंदो की वजह से घर परिवार संसार ध्वस्त हो रहे है इन गैरकानूनी धंधों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ना ही इन गैर कानूनी धंदो पर सरकार और प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। जिससे युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। इस तरह की चर्चा जिला वासियों में की जा रही है। नागरिकों ने कहा है कि अतिक्रमण दुकानों पर कार्रवाई की जा रही है। अवैध धंदो पर कब की जाएगी इस तरह का प्रश्न नागरिकों में उठाया जा रहा है।

# तेंदुए की दस्तक से दहशत में जी रहे लोग, वन विभाग बेपरवाह?



**संवाददाता/अशफाक युसुफ**

**बुलढाणा।** शहर के मिर्जा नगर इलाके में पिछले दो हफ्तों से तेंदुआ घूम रहा है। गुरुवार देर रात तो तेंदुए को मिर्जा नगर में स्थित सालेहा अपार्टमेंट के पास सड़क पर दौड़ लगाता हुआ नजर आया। घरों में लगे सीसीटीवी कैमरे में तेंदुए का मूवमेंट कैद हुआ है। कॉलोनी में लगे CCTV कैमरे में जैसे ही तेंदुए की चहल कदमी रिकॉर्ड हुई, वैसे ही कॉलोनी में रहने वाले लोग दहशत में आ गए। इलाके के रहवासी रात को शाम होते ही कॉलोनी में सन्नाटा पसर जाता है। बताया जा रहा है कि आसपास के क्षेत्रों में लगभग दो सप्ताह से तेंदुए का मूवमेंट है। लेकिन वन विभाग की ला परवाही के कारण नागरिकों को जान जोखिम में डाल कर रहना पड़ रहा है। स्थानीय पंच और अन्य लोगों ने मांग की है कि वन्यजीव विभाग जल्द से जल्द गांव में घूम रहे तेंदुए को पकड़ने के लिए आसपास के जंगल में पिंजरे लगाए। जिससे तेंदुए को पकड़ा जा सके, और स्थानीय लोगों के साथ पशुपालकों को राहत मिल सके।

# शरीर को स्वस्थ रखने के साथ वजन कम करने में मदद करते हैं ये 4 डिटॉक्स वाटर



स्वस्थ रहने के लिए शरीर को डिटॉक्स करना बहुत जरूरी है। बॉडी डिटॉक्स करना यानि शरीर के अंदर के विषैले पदार्थों को बाहर निकालना। आज हम आपको ऐसे डिटॉक्स वॉटर बताने जा रहे हैं जो शरीर को टॉक्सिन्स रहित बनाने के साथ पाचन तंत्र के लिए भी बहुत फायदेमंद है। इसके अलावा इसे पीने से स्किन साफ, लिवर स्वस्थ रहता है और यह एनर्जी बूस्ट करने में मदद करता है। आइए जानिए घर पर कैसे बनाएं डिटॉक्स वाटर?



**1. अनानास का डिटॉक्स वाटर** - अनानास से तैयार वाटर एक्सट्रा चर्बी कम करने में मदद करता है। इसे बनाने के लिए अनानास और नींबू के टुकड़े बारीक काट लें। फिर इसे जार में लेकर इसमें पुदीने के पते, पानी और बर्फ के टुकड़े डालें। अब इसे 4 घंटे के लिए फ्रिज में रख दें और फिर पीएं।

**२. स्ट्रॉबरी-किवी का डिटॉक्स वाटर** - स्ट्रॉबरी और किवी में विटामिन्स, पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इससे तैयार डिटॉक्स वाटर पीने से शरीर को पर्याप्त मात्रा में न्यूट्रिशन मिलता है और यह टॉक्सिन्स निकालने में मदद करता है। इसे तैयार करने के लिए स्ट्रॉबरी और किवी के बारीक टुकड़ें काट लें और इसे पानी में डाल कर इसमें पुदीने के पते और बर्फ के टुकड़ें डालें। फिर इसे ६ घंटे के लिए फ्रिज में रखें।

**३. संतरे और खीरे का डिटॉक्स वाटर** - शरीर को टॉक्सिन रहित बनाने के लिए संतरे और खीरे से तैयार डिटॉक्स वाटर काफी फायदेमंद है। यह शरीर को बीमारियों से भी बचाए रखता है। संतरे में विटामिन सी भरपूर मात्रा में होता है और खीरा शरीर को हाइड्रेट करने में मदद करता है। इससे डिटॉक्स वाटर तैयार करने के लिए पुदीने के पते और खीरे को काट कर पानी में डालें। फिर इसमें संतरे के टुकड़े डाल कर फ्रिज में १ घंटे के लिए रख दें।

**4.तरबूज और खीरे का डिटॉक्स वाटर** - यह शरीर को टॉक्सिन्स रहित करने के साथ पाचन तंत्र के लिए भी काफी फायदेमंद है। इसके लिए तरबूज, खीरे और पुदीने के पते काटकर जार में डालें और फिर इसे फ्रिज में 4 घंटे के रखें। फिर इसे पीएं।

# महीने में Fairness पाने के लिए नेचुरल तरीके से बनाएं यह क्रीम

गोरापन हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करता है। हर लड़की भी यही चाहती है कि किसी न किसी तरीके उसकी त्वचा में निखार आ जाए। इसके लिए वह कई तरह की फेयरनेस क्रीम का इस्तेमाल भी करती हैं। कई बार इन क्रीम्स में मौजूद कैमिकल त्वचा को नुकसान पहुंचाते हैं। अगर घर पर नेचुरल तरीके से फेयरनेस क्रीम बनाकर इस्तेमाल की जाए तो जल्दी फायदा मिलता है।



**जरूरी सामान** – 1 टेबलस्पून नींबू का रस
3 टेबलस्पून गुलाब जल
1 टेबलस्पून बादाम या ऑलिव ऑयल
2 टेबलस्पून एलोवेरा जेल

क्रीम बनाने का तरीका

सबसे पहले नींबू के रस और गुलाब जल को अच्छे से मिक्स कर लें। अब चंदन के पाउडर को इसमें डालकर मिक्स करें। इसके बाद इसमें ऑलिव ऑयल या फिर बादाम का तेल मिलाएं और अच्छी तरह मिक्सी में डालकर मिला लें। जब यह मिक्स हो जाए तो इसमें एलोवेरा जेल डाल दें और मिक्सी में सारे मिश्रण को अच्छे से मिला लें। जब यह क्रीम की तरह बन जाए तो इसे एयरटाइट डिब्बी में डाल कर रख लें।

**इस तरह करें इस्तेमाल** – इसे इस्तेमाल करने से पहले चेहरे को गुलाब जल के साथ अच्छी तरह से क्लीन कर लें। अब हथेली पर थोड़ी-सी क्रीम लेकर इसे चेहरे पर अप्लाई करें। इसकी चेहरे पर अच्छी तरह से मसाज करें। एक महीने तक दिन में लगातार 2 बार इस क्रीम का इस्तेमाल करें। इससे नेचुरल तरीके से चेहरे का रंग गोरा होना शुरू हो जाएगा।

# कोशिश करने के बाद भी नहीं छूट रही शराब की लत तो अपनाएं ये टिप्स

आज 10 में 7 लोग शराब पीने के आदी हैं। शराब की लत ने ना सिर्फ उनकी जिंदगी बर्बाद कर दी है बल्कि उनके परिवार वाले भी इस आदत से दुखी हैं। शराब पीने की वजह से कई घर टूट रहे हैं। अपने परिवार को अच्छा माहौल देने के लिए कुछ लोग तो इस गंदी आदत को छोड़ना भी चाहते हैं। मगर कई बार कोशिश करने के बाद भी वह शराब छोड़ नहीं पाते। अगर आप शराब छोड़ने का मन बना चुके हैं तो ये घरेलू नुस्खे आपकी मदद कर सकते हैं।

**1. गाजर का जूस** – जो लोग शराब छोड़ना चाहते हैं उनके लिए गाजर बहुत बढ़िया है। रोजाना गाजर का जूस पीने से शराब पीने की इच्छा खत्म होती है। इसके साथ ही शरीर में एनर्जी बनी रहती है।

**2. खजूर** – शराब की लत से छुटकारा पाना चाहते हैं तो खजूर को दूध के साथ मिसकर करके पीएं। इसको पीने से कुछ ही दिनों में आपको फर्क दिखाई देने लगेगा।

**3. करेले के पत्ते** – करेले के रस से भी शराब की लत को कुछ ही दिनों में दूर किया जा सकता है। करेले के पत्तों को पीसकर इसका रस निकाल लें। फिर इमसें शहद के 2 चम्मच मिलाकर पीए लें।



**4. अंगूर** – शराब जो है वह अंगूर से ही बनती है। अगर आप रोजाना अंगूर खाना शुरू कर देते हैं तो कुछ ही दिनों में शराब पीने की आदत छूट जाएगी।

**5. अजवाइन** – 1 गिलास पानी में अजवाइन डालकर उसको तब तक उबालें जब तक वह आधा ना रह जाए। अब इस पानी को ठंडा होने के बाद पीएं। लगातार 1 महीने तक इस पानी को पीने से शराब पीने की इच्छा कम होगी।

**6. शिमला मिर्च** – शिमला मिर्च को पीसकर इसका जूस निकाल लें। रोजाना खाना खाने के बाद आधा कप शिमला मिर्च का जूस पीएं। ऐसा करने से थोड़े दिनों में आपको फर्क दिखाई देने लगेगा।

**7. अदरक का तेल** – अदरक का तेल या इसकी चाय पीने से भी शराब छोड़ने में मदद मिलती है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# पुरानी यादों में खोई काजोल




**काजोल** ने हाल ही में अपनी एक पुरानी फोटो इंस्टाग्राम पर शेयर की है। सामने आई फोटो में काजोल का लुक काफी जबरदस्त लग रहा है। इस फोटो में एक्ट्रेस महज 21 साल की थीं। एक्ट्रेस के पोस्ट करते ही उनकी पोस्ट पर कमेंट की बाढ़ आ गई है। फैंस काजोल की इस पोस्ट पर जमकर प्यार लुटा रहे हैं। एक्टिंग की दुनिया में काजोल ने अपनी मां तनूजा की तरह ही खूब नाम कमाया है। अपने करियर में उन्होंने कई ऐसे किरदार निभाए हैं जिन्हें लोग आज भी नहीं भूल पाए हैं। उनकी कुछ फिल्में तो ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर रही हैं। करियर की शुरूआत में ही उन्होंने अपने काम से लोगों का ऐसा दिल जीता था कि वह मेकर्स की भी पहली पसंद बन गई थीं। आज वह इस मुकाम पर हैं कि फैंस उनके बारे में हर चीज जानने के लिए बेताब रहते हैं। अब वह अपनी एक पोस्ट को लेकर छाई हुई हैं।





# 'कृष 4' में सुपरहीरो के साथ सुपरविलेन का किरदार भी निभाएंगे रितिक रोशन!



**बॉलीवुड** स्टार रितिक रोशन काफी वक्त से आगामी फिल्म 'कृष 4' को लेकर चर्चा में हैं। इन दिनों उनकी इस फिल्म की तैयारियां काफी जोरों पर हैं। यह फ्रेंचाइजी बॉलीवुड की कुछ सफल सुपरहीरो वाली फिल्मों में से एक है। यही कारण है कि राकेश रोशन से अक्सर इस फिल्म को लेकर सवाल किए जाते हैं। वहीं इस फिल्म को लेकर अक्सर नए अपडेट सामने आते रहते हैं। हाल ही में इस फिल्म से जुड़ी एक खास जानकारी सामने आई है। खबरों के अनुसार, राकेश रोशन इस फिल्म को और ऊंचे स्तर पर पेश करने की योजना बना रहे हैं। इस फिल्म में रितिक को अपना ही सामना करते हुए देखा जाएगा। दरअसल, फिल्म में रितिक डबल रोल अदा करते हुए नजर आएंगे। फिल्म में जहां एक ओर वह सुपरहीरो के रूप में बुराई का नाश करते दिखेंगे, वहीं उन्हें सुपरविलेन का किरदार निभाते हुए भी देखा जाएगा। बताया जा रहा है कि रितिक का सपना था कि वे कृष में दोनों ही किरदार ब्लैक एंड व्हाइट एक साथ प्ले करें।

# स्पाई यूनिवर्स में हुई आलिया की एंट्री

आलिया भट्ट ने हाल में फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का फिल्मफेयर अवॉर्ड अपने नाम किया है. वह इस अवॉर्ड को पाकर काफी खुश हैं. हाल में उन्होंने अपनी अपकमिंग फिल्म जिगरा को लेकर चर्चा में हैं. जिगरा में वह लीड रोल निभा रही हैं. इसे करण जौहर और आलिया की प्रोडक्शन कंपनी मिलकर प्रोड्यूस कर रही है. इन सबके बीच, आलिया की एक और फिल्म का अनाउंसमेंट हुआ है. यह एक स्पाई थ्रिलर फिल्म होगी. इसमें उनके साथ शरवरी वॉघ भी होंगी. खास बात है यह फिल्म स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा होगी. स्पाई यूनिवर्स में अबतक ह्यटाइगर जिंदा है, एक था टाइगर, पठान, वॉर, टाइगर 3, जैसी फिल्में बन चुकी हैं. आलिया भट्ट और शरवरी वॉघ स्टारर इस फिल्म को शिव रवैल डायरेक्ट करेंगे, जिन्होंने वेब सीरीज ह्यद रेलवे मेनह्ल को डायरेक्ट किया था. इस एक्शन फिल्म का टाइटल अभी तय नहीं हुआ है. फिल्म में आलिया और शरवरी सुपर एजेंट्स की भूमिका निभाती नजर आएंगी और इसका निर्माण जल्द ही शुरू होने वाला है. इंडस्ट्री के एक सूत्र के अनुसार, ह्यद रेलवे मेनह्ल के बाद निर्देशक शिव रवैल इस फिल्म का निर्देशन करेंगे.